कुलदीप-अश्विन की घातक गेंदबाजी के बाद रोहित-यशस्वी की अर्धशतकीय पारी

पहले दिन इंग्लैंड 218 पर सिमटा

भारत का करारा जवाब: एक विकेट पर 135 रन बनाए

● धर्मशाला

कुलदीप यादव के विकेटों के पंजे और आर अश्विन के चौके के बाद यशस्वी जयसवाल और कप्तान रोहित शर्मा की शानदार अर्धशतकीय पारी की मदद से भारत ने पांचवें टेस्ट मैच के पहले दिन एक विकेट पर 135 रन बनाकर मैच पर अपनी पकड़ मजबूत कर ली है। यशस्वी जयसवाल ने तेजी से रन बटोरते हुए कप्तान रोहित शर्मा के साथ पहले विकेट के लिए 104 जोड़े। जायसवाल ने 58 गेंदों में 57 रन बनाये। उन्हें स्पिनर शोएब बशीर ने आउट किया। दिन का खेल समाप्त होने पर कप्तान रोहित शर्मा 52 रन शुभमन गिल 26 रन क्रीज पर थे। भारत अभी इंग्लैंड से 83 रन पीछे है। इससे पहले भारतीय गेंदबाजों ने घातक गेंदबाजी का मुजाहिरा करते हुए इंग्लैंड को 218 के स्कोर पर समेट दिया। हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में गुरुवार को इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया है। बेन डकेट और जैक क्रॉली की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिये 64 रनों की साझेदारी की। बेन डकेट 27 रन बनाकर आउट हुये। उन्हें कुलदीप ने गिल के हाथों कैच आउट कराया। उसके बाद कुलदीप ने ऑली पोप 11 रन पर आउट कर भारत को लंच से पहले दूसरी सफलता दिलाई। कुलदीप ने जैक क्रॉली 79 रन पर बोल्ड कर इंग्लैंड के बड़े स्कोर की ओर बढ़ रही उम्मीदों को झटका दिया। रवीन्द्र जडेजा ने जो रूट 26 रन पर पगबाधा आउट कर पवेलियन भेज दिया।

100वां टेस्ट खेल रहे बेयरस्टो 29 रन पर आउट

अपना 100वां टेस्ट मैच खेल रहे जॉनी बेयरस्टो 29 रन पर कुलदीप के शिकार बने इसके बाद कप्तान बेन स्टोक्स शून्य को कुलदीप ने पगबाधा आउट किया। टॉम हार्टली 6 रन और मार्क वुड शून्य को आर अश्विन ने आउट किया। चायकाल तक 55 ओवर में इंग्लैंड ने आठ विकेट पर 194 रन बना लिये थे। चायकाल के बाद अश्विन ने ब्रेन फोक्स 24 रन बोल्ड कर इंग्लैंड का नौवां विकेट गिराया और इसके बाद बल्लेबाजी करने आये जेम्स एंडरसन को शून्य पर आउट कर दिया। इंग्लैंड की पूरी टीम 57.4 ओवर में 218 रन पर सिमट गई। भारत की ओर से कुलदीप यादव को पांच विकेट मिले। आर अश्विन ने चार विकेट लिये।

यशस्वी जायसवाल ने बनाए सबसे तेज 1000 टेस्ट रन

यशस्वी जायसवाल ने इंग्लैंड के खिलाफ पांचवें टेस्ट में जैसे ही 33 रन बनाए उनके सबसे कम टेस्ट मैचों में 1000 रन पूरे हो गए। यशस्वी ने सुनील गावस्कर, चेतेश्वर पुजारा के रिकॉर्ड्स को तोड़ दिया है। जायसवाल सबसे कम टेस्ट मैचों में 1000 रन बनाने वाले भारतीय बन गए हैं। इसी के साथ ही वह सबसे तेज 1000 टेस्ट रन बनाने वाले भारतीयों में भी शामिल हो गए हैं। उन्होंने मात्र 9 टेस्ट में यह कमाल किया है जबकि गावस्कर और पुजारा ने इसके लिए 11 टेस्ट खेले हैं। वहीं जायसवाल सबसे तेज 1000 टेस्ट रन के मामले में 16 इनिंग्स के साथ दूसरे स्थान पर आ गए हैं। पहले स्थान पर विनोद कांबली हैं जिन्होंने 14 इनिंग्स में 1000 टेस्ट रन बनाए हैं।

स्कोर बोर्ड

इंग्लैंड पहली पारी	रन	गेंद	4/6
जैक क्रॉली बो. कुलदीप	79	108	11/1
बेन डकेट कै. गिल बो. कुलदीप	27	58	4/0
ऑली पोप स्टंप जुरेल बो. कुलदीप	11	24	0/0
जो रूट पगबाधा जडेजा	26	56	4/0
जॉनी बेयरस्टो कै. जुरेल बो. कुलदीप	29	18	2/2
बेन स्टोक्स पगबाधा कुलदीप	00	06	0/0
बेन फोक्स बोल्ड अश्विन	24	42	3/0
टॉम हार्टली कै. पड़विकल बो. अश्विन	06	09	1/0
मार्क वुड कै. रोहित बो. अश्विन	00	02	0/0
शोएब बशीर नाबाद	11	22	2/0
एंडरसन कै. पड़विकल बो. अश्विन	00	03	0/0

अतिरिक्त: 05, **कुल**: 57.4 ओवर में 218 रन पर ऑलआउट, **विकेट पतन**: 1-64, 2-100, 3-137, 4-175, 5-175, 6-175, 7-183, 8-183, 9-218, 10-218, **गेंदबाजी**: जसप्रीत बुमराह 13-2-51-0, मोहम्मद सिराज-8-1-24-0, रवि अश्विन 11.4-1-51-4, कुलदीप यादव 15-1-72-5, रवींद्र जडेजा 10-2-17-1,

भारत पहली पारी	रन	गेंद	4/6
यशस्वी स्टंप फोक्स बो. बशीर	57	58	5/3
रोहित शर्मा नाबाद	52	83	6/2
शुभमन गिल नाबाद	26	39	2/2

अतिरिक्त: 00, **कुल**: 30 ओवर में एक विकेट पर 135 रन, **विकेट पतन**: 1-104, **गेंदबाजी**: जेम्स एंडरसन 4-1-4-0, मार्क वुड 3-0-21-0, टॉम हार्टली 12-0-46-0, शोएब बशीर 11-2-64-1,

यह धर्मशाला में एक ऐतिहासिक दिन है: सचिन तेंदुलकर

भारत के महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने धर्मशाला में अपना 100वां टेस्ट मैच खेलने के लिए रविचंद्रन अश्विन और जॉनी बेयरस्टो को बधाई दी है। धर्मशाला में पांचवें टेस्ट से पहले तेंदुलकर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अविश्वसनीय उपलब्धि के लिए दोनों क्रिकेटरों की सराहना की। तेंदुलकर ने क्रिकेट में सबसे अधिक टेस्ट मैच खेले हैं और वह 200 टेस्ट खेलने वाले एकमात्र क्रिकेटर हैं। उन्होंने लिखा, यह धर्मशाला में एक ऐतिहासिक दिन है क्योंकि रविचंद्रन अश्विन और जानी बेयरस्टो ने 100वीं बार टेस्ट क्रिकेट खेल रहे हैं। एक अविश्वसनीय उपलब्धि जो रेड बॉल क्रिकेट के प्रति उनके जुनून और दृढ़ता को बयां करती है।

अश्विन 100 टेस्ट मैच खेलने वाले 14वें भारतीय बने

रविचंद्रन अश्विन 100 टेस्ट मैच खेलने वाले 14वें भारतीय बन गए हैं। इंग्लैंड के खिलाफ धर्मशाला के एचपीसीए स्टेडियम में पांचवें टेस्ट मैच में उतरने के साथ ही उन्होंने यह उपलब्धि अपने नाम की। धर्मशाला में भारत के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने पूरी टीम और अश्विन के परिवार के साथ विशेष पल का जश्न मनाने में उनकी मदद की और उन्हें 100वें टेस्ट पर कैप दी। इस मौके पर अश्विन की पत्नी व बेटियां मौजूद रहीं। अश्विन की पत्नी भावुक नजर आईं। अश्विन ने 99 टेस्ट में 507 विकेट, 116 वनडे में 156 विकेट और 65 टी20 में 72 विकेट लिए हैं। टेस्ट में गेंद के साथ उनका औसत 23.91 है, जबकि उन्होंने 35 बार पांच विकेट और आठ बार 10 विकेट लेने का कमाल किया है। अश्विन ने 2011 में टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण किया था और तब से वह भारतीय टेस्ट टीम के प्रमुख खिलाड़ी रहे हैं।

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 100वां टेस्ट खेलेंगे विलियमसन व टिम साउथी

क्राइस्टचर्च में आज से खेला जाएगा दूसरा टेस्ट

वेलिंगटन (एजेंसी)। शीर्ष बल्लेबाज केन विलियमसन और कप्तान टिम साउथी शुक्रवार से क्राइस्टचर्च में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे टेस्ट में न्यूजीलैंड के लिए अपना 100वां टेस्ट खेलेंगे जिसे जीतकर मेजबान टीम श्रृंखला ड्रॉ करवाना चाहेगी। विलियमसन और साउथी का न्यूजीलैंड क्रिकेट में योगदान अतुल्नीय है। साउथी 16 जबकि विलियमसन 14 वर्ष से टीम का हिस्सा हैं। विलियमसन न्यूजीलैंड के लिए टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं। विलियमसन के नाम टेस्ट क्रिकेट में 8675 रन हैं जो कि देश के अगले सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज रोस टेलर से लगभग हजार रन अधिक हैं। उनके नाम अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 18 हजार से अधिक रन हैं। साउथी के नाम 378 टेस्ट विकेट हैं और वह न्यूजीलैंड की सर्वकालिक सूची में रिचर्ड हैडली 431 के बाद दूसरे स्थान पर हैं। इस सत्र की शुरुआत में वह टी20 अंतरराष्ट्रीय में 150 विकेट लेने वाले किसी भी देश के पहले गेंदबाज बने। साउथी इसके साथ ही तीनों प्रारूपों में 100 मैच खेलने वाले दुनिया के चौथे और न्यूजीलैंड के दूसरे खिलाड़ी बन जाएंगे। विलियमसन बेसिन रिजर्व में पहले टेस्ट की पहली पारी में दूसरी गेंद पर शून्य पर रन आउट हो गए और दूसरी पारी में नौ रन बनाए। इस मैच को ऑस्ट्रेलिया ने 172 रन से जीता।

साउथी करियर के अंतिम चरण में

35 साल के साउथी अपने करियर के अंतिम चरण की ओर बढ़ रहे हैं। उन्हें नई पीढ़ी के गेंदबाजों से चुनौती मिल रही है जिसमें विल ओरोर्के भी शामिल हैं जिन्होंने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पदार्पण मैच में 93 रन देकर नौ विकेट चटकाए जो न्यूजीलैंड की ओर से किसी गेंदबाज का अपने पहले मैच में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। बेन सियर्स भी हेगले ओवर में पदार्पण के लिए तैयार हैं।

कार्तिक 2024 सत्र के बाद आईपीएल को कहेंगे अलविदा

धर्मशाला। भारत के विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश कार्तिक 22 मार्च से शुरू होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग आईपीएल के 2024 सत्र में अंतिम बार खेलने की तैयारी रहे हैं और इस टी20 लीग के बाद अपने अंतरराष्ट्रीय संन्यास पर फैसला करेंगे। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर की ओर से खेलने वाले 38 वर्षीय कार्तिक 2008 से आईपीएल के सभी 16 सत्र में खेले हैं। इस दौरान 16 सत्र में वह सिर्फ दो मैच नहीं खेले। बीसीसीआई के एक सूत्र ने नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया, 2024 सत्र दिनेश कार्तिक का आखिरी आईपीएल होगा। वह आईपीएल के बाद अपने अंतरराष्ट्रीय संन्यास पर फैसला करेंगे। आईपीएल में सबसे अनुभवी विकेटकीपर बल्लेबाजों में से एक कार्तिक ने लीग में छह टीमों का प्रतिनिधित्व किया है।

राफेल नडाल इंडियन वेल्स से हटे बोले- यह आसान फैसला नहीं...

नई दिल्ली। दुनिया के पूर्व नंबर एक टेनिस खिलाड़ी राफेल नडाल बीएनपी परिबास ओपन में अपने पहले दौर के मुकाबले से एक दिन पूर्व टूर्नामेंट से हट गए। नडाल अगर इस मुकाबले में खेलते तो यह उनका दो महीने में पहला आधिकारिक मैच होता। 22 बार के ग्रैंडस्लैम चैंपियन नडाल ने सोशल मीडिया पर लिखा कि वह काफी दुख के साथ टूर्नामेंट से हटने की घोषणा कर रहे हैं। टूर्नामेंट द्वारा जारी बयान में नडाल ने कहा, यह आसान फैसला नहीं है, यह मुश्किल है लेकिन मैं स्वयं से और अपने हजारों प्रशंसकों से झूठ नहीं बोल सकता। उन्होंने कहा, मैं कड़ी मेहनत और अभ्यास कर रहा हूं। आप सभी जानते हैं कि इस सप्ताहांत मैंने खुद को परखा लेकिन मैं खुद को इतने महत्वपूर्ण टूर्नामेंट में उच्चतम स्तर पर खेलने के लिए तैयार नहीं पाता।

अकादमी की बॉक्सर अंजली सिंह सेमीफाइनल में

भोपाल। प्रदेश अकादमी बॉक्सर अंजलि सिंह 57 किग्रा वर्ग में विश्व कप मुक्केबाजी प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में पहुंच गई हैं। हेल बुडवा शहर में आयोजित प्रतियोगिता में अंजलि सिंह ने अजरबैजान के खिलाफ शानदार जीत दर्ज की। उनकी जीत पर प्रदेश बॉक्सिंग अकादमी प्रबंधन ने बधाई देते हुए शुभकामनाएं दी हैं।

राधारमण विहान में हुए टेबल टेनिस व कबड्डी के मुकाबले

भोपाल। राधारमण समूह परिसर में चल रहे विहान 2024 वार्षिकोत्सव के अंतर्गत टेबल टेनिस, कबड्डी और बैडमिंटन के फाइनल मुकाबले खेले गए। टेबल टेनिस में आरईसी के कौस्तुभ शर्मा विजेता रहे जबकि आरआईटीएस के अभिनव पटेल रनरअप रहे। कबड्डी में आरजीआई की टीम ने एक रोमांचक मैच में मुकाबला जीत ट्रॉफी अपने नाम की, जबकि आरआईपीएस की टीम उपविजेता रही। बैडमिंटन के तीन वर्गों में मुकाबले हुए। महिला वर्ग के सिंगल्स में समीक्षा विजेता रहीं जबकि संस्कृति जैन उपविजेता बनीं। पुरुष वर्ग सिंगल्स में अभिनव पटेल विजेता रहे तथा अंकुश गुप्ता उपविजेता। पुरुष वर्ग डबल्स में विवेक गिरी और अमन प्रजापति की जोड़ी विजेता रही तो वहीं अभिनव पटेल और अंकुश गुप्ता उपविजेता बने। राधारमण समूह के चेयरमैन आरआर सक्सेना ने सभी विजेताओं को शुभकामनाएं दी हैं।

एलबीएस को हराकर उड़ान फाइनल में पहुंचा

भोपाल। स्थानीय बाबे अली क्रिकेट स्टेडियम पर खेली जा रही सैयद शकील मोहम्मद मेमोरियल क्रिकेट प्रतियोगिता में उड़ान ने एलबीएस को 57 रनों से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। 50-50 ओवरों के खेले गए इस वनडे मुकाबले में उड़ान क्रिकेट अकादमी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 235 रनों का लक्ष्य रखा। आलिफ हसन ने शानदार 51 रन तथा प्रांजल ने 45 रनों का योगदान दिया। वहीं विवेक ने तीन विकेट प्राप्त किया। जवाबी पारी खेलते हुए एलबीएस की टीम तेजस्वी के 48 तथा आर्य के 43 रनों की बदौलत मात्र 177 रन बना पाई। गौरव ने तीन तथा आदित्य ने तीन विकेट प्राप्त किए। इस तरह उड़ान ने यह मैच 57 रनों से जीतकर फाइनल में प्रवेश किया। इस मैच का मैन ऑफ द मैच अलिफ हसन को बीडीसीए के उपाध्यक्ष सुशील सिंह ठाकुर तथा सीनियर क्रिकेटर अब्दुल अकील एवं सेंट माइकल क्रिकेट अकादमी के ओनर सैयद अवान शकील तथा सैयद अयान शकील द्वारा दिया गया। इस मौके पर सीनियर क्रिकेटर उमर अलीम उपस्थित रहे। इस प्रतियोगिता का दूसरा सेमीफाइनल मैच सेंट माइकल क्रिकेट एकेडमी एवं रेलवे के मध्य खेला जाएगा।

स्व. एनके राई स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ

भोपाल। हमीदिया स्पोर्ट्स कल्चरल एवं वेलफेयर सोसाइटी के तत्वावधान में पांचवी स्व. एनके राई स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ पुलिस लाइन मैदान नेहरू नगर पर विनीत माथुर मुख्य पोस्टमास्टर जनरल मध्यप्रदेश परिमंडल भोपाल, अरुणेश्वर सिंहदेव चेयरमैन स्पोर्ट्स प्रोमोटर ग्रुप, राजेन्द्र सिंह रघुवंशी सहायक पोस्टमास्टर जनरल द्वारा किया गया। इस अवसर पर एचके सूदन, महफूज अली आदि उपस्थित रहे। यह प्रतियोगिता तीन चरणों मे खेली जा रही है। पहला सिल्वर ग्रुप जिसमे उन टीमों को रखा गया है जो कभी कभी या पहली बार किसी प्रतियोगिता में भाग ले रही हैं। इन टीमो को दो पूलों में विभाजित कर लीग मैच करवाये जाएंगे। दूसरा ग्रुप गोल्डन ग्रुप है। तीसरा ग्रुप कॉर्पोरेट का डायमंड ग्रुप रहेगा। सिल्वर-ग्रुप में पूल बी की टीमों पोस्टल एवं मीडिया एकादश के बीच मैच खेला गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए पोस्टल ने 231 रन 5 विकेट खोकर बनाये। मयंक जैन 58, महेंद्र मिश्रा 48 असद कमाल 41 रन बनाए। गेंदबाजी करते हुए मीडिया एकादश से कप्तान आरके यदुवंशी ने 3 व इंद्रजीत मौर्य ने 2 विकेट लिए।

मप्र की डॉ. शालिनी यादव सेमीफाइनल में

अखिल भारतीय सिविल सर्विसेज बैडमिंटन प्रतियोगिता

भोपाल (खे.सं)। गैर वरीय मप्र की डॉ. शालिनी यादव ने एक संघर्षपूर्ण मुकाबले में शीर्ष वरीयता धारी संगीता राजगोपालन छत्तीसगढ़ को 21-16, 18-21 व 21-18 से पराजित कर अखिल भारतीय सिविल सर्विसेज बैडमिंटन प्रतियोगिता के महिला एकल 55.वर्ग के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। वहीं रूपेश अहिरवार डॉ. पीबी रेड्डी, डॉ. मुकेश चन्द्र बिष्ट तरूण रावत व डॉ. समित सिंह ने भी अपने-अपने मुकाबले जीतकर अगले दौर में जगह बनाई। चंडीगढ़ के सेक्टर-24 स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स में महिला एकल के 55 वर्ग में मप्र की डॉ. शालिनी यादव ने शीर्ष वरीयता वाली छत्तीसगढ़ की संगीता राजगोपालन को पहले गेम में 21-16 से हराया। दूसरे गेम में पलटवार करते हुए संगीता ने 21-18 से जीत दर्ज स्कोर 1-1 किया। निर्णायक गेम में दोनों के मध्य एक-एक अंक जीतने को लेकर अच्छा संघर्ष देखने मिला। अंततः शालिनी ने 21-18 से गेम जीतकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। यहाँ बता दें कि डॉ. शालिनी यादव शासकीय महाविद्यालय मंझोली में क्रीडा अधिकारी हैं। पुरुष एकल 45. वर्ग में रूपेश अहिरवार ने अपने एकल मुकाबले में यादवेन्दर सेन को 30-26 से हराया दिया। इसी वर्ग के युगल मुकाबले में रूपेश ने राजीव पाण्डेय के साथ मिलकर आनंद व जोड़ीदार को 30-16 से तथा मिश्रित युगल में रूपेश डॉ. ग्रेस सिंह की जोडी ने विनोद-सोनिया की जोड़ी को 30-21 से हराकर अगले दौर में जगह बनाई।

धोनी के हस्ताक्षर वाली शर्ट घर की शोभा है: गावस्कर

रांची। सुनील गावस्कर के घर पर महेन्द्र सिंह धोनी के हस्ताक्षर वाली टीशर्ट आज भी गर्व के साथ रखी हुयी है। यह खुलासा खुद गावस्कर ने किया। उन्होंने धोनी के प्रति अपनी प्रशंसा का इजहार किया और प्रतिष्ठित क्रिकेटर द्वारा हस्ताक्षरित शर्ट के मालिक होने पर गर्व व्यक्त किया। उन्होने धोनी के पुराने प्रशंसक के तौर पर एमएसडी से मिलने और हस्ताक्षरित स्मृति चिन्ह को एक बेशकीमती संपत्ति के रूप में संजोने के यादगार अनुभव को याद किया। मैदान के अंदर और बाहर धोनी के अनुकरणीय आचरण पर गावस्कर ने खेल में रोल मॉडल के महत्व पर जोर दिया और धोनी की शालीनता और ईमानदारी की सराहना की। उन्होंने कहा, जब से मैंने एमएसडी को पहली बार खेलते देखा है, तब से मैं उनका प्रशंसक हूं और एक प्रशंसक क्या चाहता है।

रियल मैड्रिड चैंपियंस लीग के क्वार्टरफाइनल में

मुंबई। चैंपियंस लीग में स्पेन के क्लब रियल मैड्रिड क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई है। घरेलू मैदान पर आरबी लीपजिंग के साथ दूसरे लेग में 1-1 से ड्रॉ रहा। कुल 2-1 के स्कोर के साथ अंतिम 8 में प्रवेश किया। इससे पहले रियल मैड्रिड ने अंतिम 16 के पहले लेग में 1-0 से जीत दर्ज की थी। मैड्रिड के लिए एक मात्र गोल विनीसियस जूनियर ने किया। मैच में लीपजिंग ने अच्छी शुरुआत की। हालांकि, टीम शुरुआत में मिले मौके को भुनाने में सफल नहीं हो पाई। टीम के फॉरवर्ड लोइस ओपेंडा ने गोल करने के दो अच्छे मौके गंवा दिए। पहला हाफ दोनों टीमें कोई गोल नहीं कर पाई। दूसरे हाफ के शुरुआत में ही रेफरी के फैसले को लेकर विवाद हो गया। दरअसल मैड्रिड के प्लेयर विनीसियस जूनियर ने आरबी लीपजिंग के विली ओर्बन पर पीछे से अटैक किया और फिर उन्हें धकेल दिया। जिसके बाद रेफरी ने उन्हें येलो कार्ड दिया, जिसको लेकर सवाल उठे। रेफरी विनीसियस को रेड कार्ड देकर बाहर भेज सकते थे। मैच के 65वें मिनट में ब्राजीलियाई खिलाड़ी विनीसियस ने गोल कर अपनी टीम को 1-0 से आगे कर दिया। हालांकि चार मिनट बाद ही ओर्बन ने हेडर के जरिए गोल कर लीपजिंग को 1-1 से बराबरी दिला दी।

एलएनसीटी विश्वविद्यालय में गतका प्रतियोगिता का आयोजन आठ मार्च से

भोपाल। एलएनसीटी विश्वविद्यालय भोपाल द्वारा भारतीय विश्वविद्यालय संघ के तत्वावधान में ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी गतका महिला-पुरुष प्रतियोगिता 2023-24 का आयोजन आठ मार्च से 11 मार्च तक एलएनसीटी विश्वविद्यालय ऑडिटोरियम कोलार रोड में किया जा रहा है। एलएनसीटी विश्वविद्यालय के खेल अधिकारी पंकज जैन ने बताया कि इस ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी गतका प्रतियोगिता में भारतवर्ष के विभिन्न 30 विश्वविद्यालयों के लगभग 300 से अधिक महिला एवं पुरुष खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। जिसमे पंजाब यूनिवर्सिटी, चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी मोहाली, टेक्निकल यूनिवर्सिटी जयपुर, यूनिवर्सिटी ऑफ राजस्थान, यूनिवर्सिटी ऑफ जम्मू, सनराइज यूनिवर्सिटी अलवर, पारुल यूनिवर्सिटी गुजरात, मेवाड़ यूनिवर्सिटी चितौड़गढ़ राजस्थान, गुरु काशी यूनिवर्सिटी भटिंडा शामिल हैं।

महान शतरंज खिलाड़ी गैरी कास्परोव आतंकवादी घोषित

मॉस्को। शतरंज ग्रैंडमास्टर और राजनीतिक कार्यकर्ता गैरी कास्परोव को रूस की वित्तीय निगरानी संस्था ने आतंकवादियों और चरमपंथियों की सूची में शामिल किया है। 60 वर्षीय पूर्व विश्व शतरंज चैंपियन लंबे समय से राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के आलोचक रहे हैं और यूक्रेन में रूस के सैन्य हमले की लगातार निंदा करते रहे हैं। रूस की वित्तीय निगरानी एजेंसी रोसफिन ने गैरी कास्परोव को अपनी अवांछित सूची में शामिल कर लिया। आतंकी की सूची में शामिल लोगों के बैंक लेनदेन के लिए प्रतिबंधित करती है और उन्हें हर बार अपने खातों का उपयोग करने के लिए अनुमति लेने की आवश्यकता होती है। कास्परोव उत्पीड़न के डर से 2014 में रूस से भाग गए थे। 2022 में रूसी न्याय मंत्रालय ने कास्परोव और पूर्व तेल टाइकून मिखाइल खोडोरकोव्स्की को विदेशी एजेंटों की सूची में रखा था। उन्हें कठोर नौकरशाही और वित्तीय रिपोर्टिंग के अधीन किया गया था। कास्परोव को व्यापक रूप से दुनिया के बेहतरीन शतरंज खिलाड़ियों में से एक माना जाता है। वह राजनीति पर ध्यान केंद्रित करने के लिए लगभग एक दशक तक संयुक्त राज्य अमेरिका में रहे हैं।

मन को मोह लेती हैं लद्दाख की खूबसूरत वादियां और शांत वातावरण

लद्दाख भारत का एक केंद्र शासित प्रदेश है। पूर्व में जम्मू और कश्मीर राज्य के अंतर्गत आने वाले, लद्दाख को 31 अक्टूबर 2019 को एक केंद्र शासित प्रदेश के रूप में प्रशासित किया गया था। सियाचिन ग्लेशियर से हिमालय तक फैला, लद्दाख को दुनिया के सबसे ठंडे रेगिस्तान के रूप में भी जाना जाता है। यहां पर आश्चर्यजनक गोम्पास (तिब्बती बौद्ध मठ), लहराते प्रार्थना झंडे, सफेद पुते स्तूप, जटिल भित्तिचित्र और लाल वस्त्रधारी साधुओं के समूह दिखते हैं। तिब्बतियों जैसी संस्कृति में रचे बसे लद्दाख के लोग मिलनसार हैं और पर्यटकों का स्वागत करते हैं। लद्दाख के पर्यटक स्थलों की बात करें तो इसमें हेमिस, पंगोंग झील, त्सो मोरिरी झील, लेह शहर, नुब्रा घाटी, कारगिल शामिल है। इन स्थलों पर पर्यटक ट्रेकिंग का आनंद ले सकते हैं। केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख अपनी खूबसूरत वादियों, बर्फीली घाटियों, शांत वातावरण, अनूठी संस्कृति, कलात्मक शैली, शिल्प कला और रीति-रिवाजों के लिए विश्व भर में मशहूर है। यहां की सुन्दर झीलें और मठ, मन को सम्मोहित कर देने वाले परिदृश्य और पहाड़ की चोटियाँ हर किसी का मन मोह लेती हैं। लेह दुनिया की सबसे शांत जगहों में भी शुमार है। यहां ग्रीष्म ऋतु में सेब, खुबानी एवं अखरोट जैसे पेड़ पल्लवित होते हैं। लद्दाख में पक्षियों की विभिन्न प्रजातियां नजर आती हैं, इनमें रॉबिन, रेड स्टार्ट, तिब्बती स्नोकोक और रेवेन खूब पाए जाते हैं। लद्दाख को दो जिलों में विभाजित किया गया है: जिला लेह और जिला कारगिल। लेह अपने सुंदर मठों, शांति स्तूप, कैफे और लेह बाजार के कारण एक बड़ा पर्यटक आकर्षण है। उधर, राफ्टिंग और उच्च ऊंचाई वाली ट्रैकिंग के लिए लद्दाख साहसिक खेलों का मैदान है। यदि आप लेह लद्दाख जाने का कार्यक्रम बना रहे हैं तो सर्दियों में जाने से बचें।

विमेंस प्रीमियर लीग — नेट साइवर-ब्रंट ने खेली 45 रन की शानदार पारी

मुंबई इंडियंस ने यूपी वॉरियर्स को 42 रनों से हराया

नई दिल्ली (एजेंसी)। नेट साइवर-ब्रंट की 45 रन और एमेलिया केर 39 रनों की पारी और उसके बाद साइका इशाक की तीन विकेट की बेहतरीन गेंदबाजी की बदौलत मुंबई इंडियंस महिला ने विमेंस प्रीमियर लीग के 14वें मुकाबले में यूपी वॉरियर्स को 42 रनों से हरा दिया है। 161 रनों का पीछा करने उतरी यूपी वॉरियर्स की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने मात्र 15 के स्कोर पर अपने तीन शीर्ष बल्लेबाजों के विकेट गंवा दिये।

अलिसा हीली तीन रन, किरण नवगिरे सात रन और चमारी अट्टापटू तीन रन बनाकर आउट हुई। ग्रैस हैरिस ने 15 रन, श्वेता सहरावत 17रन, पूनम खेमनार सात रन,सोफी एकल्सटन शून्य, उमा छेत्र आठ रन बनाकर पवेलियन लौट गई। दीप्ति शर्मा ने टीम के लिये 36 गेंदों में छह चौकों और दो छक्के की मदद से सर्वाधिक नाबाद 53 रन बनाये, लेकिन दीप्ति टीम को जीत नहीं दिला सकी। यूपी वॉरियर्स की टीम निर्धारित 20 ओवर में नौ विकेट पर 118 रन ही बना सकी और 42 रन से मुकाबला हार गई।

मुंबई ने 17 रन पर गंवाए शुरुआती दो विकेट

अरुण जेटली स्टेडियम में यहां मुंबई इंडियंस महिला टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी मुंबई की शुरुआत खराब रही और उसने 17 रन पर अपने दो विकेट गंवा दिये। हेली मैथ्यूज चार रन और यास्तिका भाटिया नौ रन बनाकर आउट हुई। उसके बाद नेट साइवर-ब्रंट और कप्तान हरमनप्रीत कौर ने पारी को संभाला और तीसरे विकेट के लिये 49 रन जोड़े। नेट साइवर-ब्रंट ने 31 गेंदों में आठ चौकों की मदद से 45 रनों की पारी खेली। उन्हें राजेश्वरी ने बोल्ड आउट किया। हरमनप्रीत ने 30 गेंदों में तीन चौकों और एक छक्के की मदद से 33 रन बनाये। एमेलिया केर ने 23 गेंदों में छह चौकों की मदद से 39 रन बनाये। अमनजोत कौर सात रन बनाकर आउट हुई।